## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**17 मई** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का किया भूमि पूजन और शिलान्यास। कहा– प्रदेश में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा दे रही है सरकार।
- डिजिटल जनगणना के पहले चरण में मुख्यमंत्री ने भी पूरी की स्वगणना की प्रक्रिया। सभी नागरिकों से जनगणना में सहभागिता दर्ज कराने का किया आह्वान।
- सीबीएसई ने पहली जुलाई से कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों के लिये तीन भाषाओं का अध्ययन किया अनिवार्य। तीन में दो भाषायें भारतीय मूल की होंगी।
- प्रदेश में अट्ठारह जून को गोरखपुर के रास्ते दस्तक देगा मानसून। सिंचाई और जल संसाधन विभाग ने सभी अट्ठारह मंडलों में इकतीस मई तक बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का दिया निर्देश।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ताल नदोर में करीब तीन सौ तिरानवे करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भूमि पूजन अैर शिलान्यास किया। इस अवसर पर जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के बगल में साठ एकड़ भूमि पर नया स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए हर गांव में खेल का मैदान बनाया जा रहा है।

**हर गांव में हम खेल का मैदान बना रहे हैं। हर विकास खंड स्तर पर मिनी स्टेडियम और हर जिले में एक स्टेडियम बने। इस पर कार्य प्रारंभ हुआ है। 18 कमिश्नरी है। हर कमिश्नरी स्तर पर एक स्पोर्ट्स कॉलेज बने। प्रदेश में अपना एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हो। इसके लिए मेजर ध्यानचंद के नाम पर मेरठ में हम लोग स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण कर रहे हैं। इसी सत्र में हम उसका उद्घाटन भी करने जा रहे हैं। वाराणसी में बीसीसीआई की मदद से आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से एक इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम बन रहा है और उत्तर प्रदेश सरकार और भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सहयोग से गोरखपुर में भी एक इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की शिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न हो रहा है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने से पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए खेलकूद गतिविधियों को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देश में नई खेल संस्कृति आगे बढ़ी है।

**प्रधानमंत्री जी ने 2014 में देशवासियों से एक बात कही थी खेलो इंडिया खेलो के एक स्लोगन दिया था। फिर उन्होंने फिट इंडिया मूवमेंट की बात कही थी। सांसद खेलकूद प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने की बात कही थी। देश के अंदर इनके माध्यम से एक नई खेल संस्कृति आगे बढ़ी।**

श्री योगी ने कहा कि ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ गेम्स, वर्ल्ड चैंपियनशिप तथा नेशनल चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम निर्माण के लिये सीएसआर फंड से सौ करोड़ रुपये देने के लिये पेट्रोलियम मंत्री, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के प्रति आभार व्यक्त किया।

शिलान्यास कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सुशासन, निवेश और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर जाना जाता है। राज्य में कानून व्यवस्था में आए सुधार ने आम नागरिकों से लेकर उद्योग जगत तक नया विश्वास पैदा किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस स्टेडियम से प्रशिक्षण लेकर ऐसे खिलाड़ी निकलेंगे जो देश का नाम दुनिया भर में रौशन करेंगे। शिलान्यास समारोह में केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। गोरखपुर में छियालीस एकड़ में बनने वाले इस स्टेडियम की दर्शक क्षमता तीस हजार होगी।

**********

प्रदेश में जारी डिजिटल जनगणना के पहले चरण के अन्तर्गत स्वगणना की प्रक्रिया सात मई से जारी है। इक्कीस मई तक चलने वाली इस प्रक्रिया में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कल गोरखपुर में स्वगणना का डिजिटल प्रपत्र भरा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में सहभागिता दर्ज कराने की अपील करते हुए कहा है कि यह देश की पहली पूरी तरह से डिजिटल जनगणना है। इसका मुख्य उद्देश्य सटीक आंकड़े जुटाकर देश के विकास और कल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करना है।

**********

अंशकालिक अनुदेशकों के बढ़े हुए मानदेय वितरण को लेकर आज प्रदेश भर में उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। लखनऊ के लोक भवन में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान और बढ़े हुए मानदेय वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। सरकार द्वारा पूर्व में जारी शासनादेश के तहत अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय नौ हजार रूपये से बढ़ाकर सत्रह हजार रूपये प्रतिमाह करने का निर्णय लिया गया था। बढ़ा हुआ मानदेय एक अप्रैल से प्रभावी किया गया है।

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड – सीबीएसई ने पहली जुलाई से कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य कर दिया है। बोर्ड ने एक वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस और राष्ट्रीय विद्यालय शिक्षा पाठ्यक्रम दो हजार तेईस के अनुरूप इन तीन भाषाओं में से कम से कम दो भारतीय मूल की भाषाएं होनी चाहिए। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि कक्षा दसवीं में तीसरी भाषा–आर–थ्री के लिए कोई बोर्ड परीक्षा नहीं होगी और आर–थ्री के लिए सारा मूल्यांकन पूरी तरह से विद्यालय आधारित तथा आंतरिक होगा।

**********

सपा नेता और पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां को एक विवादित ब्यान के मामले में कल रामपुर की एमपी–एमएलए कोर्ट ने दो वर्ष की कैद और बीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। उन पर वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान थाना भोट क्षेत्र में एक सभा के दौरान तत्कालीन जिलाधिकारी के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने का आरोप था।

**********

भदोही में काशी नरेश विश्वविद्यालय की प्रथम नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर उमा श्रीवास्तव ने कल अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में प्रोफेसर उमा श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय में शोध कार्यो और गुणवत्तापूर्ण पठन–पाठन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता होगी।

***बहुत पुराना कॉलेज है आजादी के बाद का पहला और अब यह यूनिवर्सिटी में तब्दील हो गया है। इसमें रिसर्च वगैरह भी अब शुरू हो जाएगी या हो रही होगी लेकिन अब क्या है कि रिसर्च बहुत पुरजोर तरीके से की जाएगी सबके साथ तो फिर हाई क्वालिटी रिसर्च हो, स्टूडेंट्स रिसर्च ओरिएंटेड हो, कैंपस का माहौल बहुत अच्छा हो और इस पर मेरा प्रयास रहेगा।***

**********

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कल मिर्जापुर में ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की तरफ से तैयार किए गए विंध्य प्रसादम गिफ्ट बॉक्स का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि यह पहल वोकल फॉर लोकल और महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण है। विन्ध्याचल में आने वाले दर्शनार्थियो के लिए विन्ध्य प्रसादम में चुनरी से लेकर पूजा की सामग्री और प्रसाद उपलब्ध है।

**********

प्रदेश के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कल वाराणसी में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को बारिश से पहले नालों की सफाई, शहर की स्वच्छता और बिजली आपूर्ति दुरूस्त करने के निर्देश दिये। बैठक में राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा भी मौजूद रहे।

**********

चित्रकूट नगर पालिका क्षेत्र में नब्बे करोड़ रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराये जायेंगे। कल नगर पालिका परिषद की बैठक के बाद अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि नगर में बुनियादी सुविधाओं का विकास करने के साथ ही इसे सुन्दर बनाया जा रहा है।

***उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी के निर्देशन पर चित्रकूट के विकास के लिए चित्रकूट नगर में 90 करोड़ के आस–पास का बजट प्रस्तुत किया गया है। इसमें सड़कों का निर्माण, नालियों का निर्माण और नगर के सुंदरीकरण, नगर के चहुंमुखी विकास के लिए इस 26 और 27 इसका क्रियान्वयन किया जाएगा।***

**********

मथुरा सहित समूचे ब्रजमण्डल में एक माह तक चलने वाला पुरूषोत्तम मास मेला आज से शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं की भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने गोवर्धन और वृंदावन समेत पूरे ब्रज क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं।

**********

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मानसून अट्ठारह जून को गोरखपुर के रास्ते प्रदेश में दस्तक देगा। इस वर्ष मानसूनी सीजन में सामान्य से कम वर्षा की संभावना है। सिंचाई और जल संसाधन विभाग की ओर से प्रदेश के सभी अट्ठारह मंडलों में इकतीस मई तक बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। बाढ़ और प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी के लिये यह कक्ष पन्द्रह जून से पन्द्रह अक्टूबर तक चौबीस घंटे सक्रिय रहेंगे।

**********